आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

23.05.2024 समय : 1850

- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हाल ही में दूरसंचार सुविधाओं पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने हवाई किराए में भारी बढ़ोत्तरी होने के संबंध में गृहमंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है।
- अबरडीन थाना पुलिस ने दो किलो आठ सौ ग्राम अवैध गांजा और पन्द्रह ग्राम अन्य नशीला पदार्थ जब्त करते हुए इस धंधे से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है।
- भगवान बुद्ध की जयंती– बुद्ध पूर्णिमा आज देशभर में मनाई जा रही है।
- पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के क्षेत्रों में भारी वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हाल ही में दूरसंचार सुविधाओं पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकारी और निजी सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दूरसंचार सेवा के प्रतिनिधियों ने दूर–दराज के क्षेत्रों में उनके द्वारा दी जा रही कनेक्टिविटी सेवा की प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में ज़िले में दूरसंचार की वर्तमान स्थिति का आंकलन किया गया और ज़िले में वर्तमान दूरसंचार सेवाओं की स्थिति पर चर्चा करने के अलावा चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने तथा उपलब्ध सुविधाओं के साथ 4जी सेवा का समयबद्ध तरीके से विस्तार करने पर भी चर्चा की गई, ताकि जिले के लोगों को बेहतर सेवा मिल सके। जिला उपायुक्त ने इस कार्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष–दो हजार चौदह के लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार और दो हजार उन्नीस में लाभार्थी का मुद्दा प्रमुख था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के चुनाव में मुख्य मुद्दा विकसित भारत का है। एक अंग्रेजी समाचार–पत्र से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता इस चुनाव को महत्वपूर्ण मानती है क्योंकि यह चुनाव देश की आकांक्षाओं की गति से विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए है। श्री मोदी ने दावा किया कि इस वर्ष भी एन डी ए को उन मतदाताओं का समर्थन मिलेगा जिन्होंने पिछले दो लोकसभा चुनाव में समर्थन दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार विरोधी और लाभार्थी मतदाता उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि भारत की तीव्र प्रगति के इच्छुक वर्ग भी उन्हें और भाजपा को समर्थन दे रहे हैं।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने हवाई किराए में भारी बढ़ोत्तरी होने के संबंध में गृहमंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। अपने पत्र में उन्होंने चेन्नई–पोर्ट ब्लेयर सेक्टर में हवाई किराए में भारी बढ़ोत्तरी होने और चार्टर्ड विमान सेवा पुनः शुरू करने का अनुरोध करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों में अधिकांश लोगों को विशेषकर दक्षिण भारत में रहने वाले लोगों को अपने गृह स्थान में जाना पड़ता है। इसके अलावा मुख्यभूमि के विभिन्न राज्यों में द्वीपों के कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं। विशेषज्ञ उपचार के लिए भी मरीजों को चेन्नई जाना पड़ता है। कारोबारी भी इस पर निर्भर है। अत्याधिक विमान किराए से द्वीपों में पर्यटन उद्योग पर भी असर पड़ता है। पहले चेन्नई और कोलकाता सेक्टर में न्यूनतम और सीमित किराए पर

द्वीपवासियों के लिए चार्टर्ड विमान की सेवा उपलब्ध थी। लेकिन अब इस सेवा के भी न होने से द्वीपवासियों को आने–जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और वे बड़ी कीमत देकर यात्रा करने के लिए बाध्य है। श्री जॉली ने द्वीपवासियों की तकलीफों को सुलझाने के लिए चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद सेक्टर में चार्टर्ड विमान सेवा शुरू करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अबरडीन थाना पुलिस ने दो किलो आठ सौ ग्राम अवैध गांजा और पन्द्रह ग्राम अन्य नशीला पदार्थ जब्त करते हुए इस धंधे से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस महीने की बीस तारीख को पुलिस को यह सूचना मिली थी कि बुनियादाबाद में फार्मासी में काम कर रहे कार्तिक नामक मिडिल प्वाइंट निवासी के पास गांजा है और वह इसे ऊँची कीमतों पर बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर अबरडीन थाना पुलिस टीम ने दो स्वतंत्र गवाहों के साथ आरोपी के घर पर छापा मारा। व्यक्तिगत जांच के दौरान पन्द्रह ग्राम नशीले पदार्थ के साथ ढाई सौ ग्राम गांजा भी उसके घर से बरामद हुई और सत्ताईस हजार से अधिक की राशि भी बरामद हुई। कार्तिक को गिरफ्तार करने के बाद उन्होंने बताया कि उसने जंगलीघाट के ट्रैवल विद अंडमान के नाम से ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले महेश के साथ साझेदारी की है। वह मुख्यभूमि से नशीले पदार्थ को लाकर स्थानीय बाजार में ऊँची कीमतों में बेचता है। कबूलनामे के बाद कार्तिक के फार्मासी स्थल से उसके व्यक्तिगत लॉकर से और गांजा बरामद हुआ। इस कार्रवाई को दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की संपूर्ण निगरानी में अंजाम दिया गया।

<><><><><><><>

भगवान बुद्ध की जयंती– बुद्ध पूर्णिमा आज देशभर में मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, सद्‌भाव और मानवता तथा सभी प्राणियों के प्रति प्रेम का संदेश दिया है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षा नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और प्रज्ञावान जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है।

<><><><><><><>

सामाजिक और सास्कृतिक संस्था चेतना की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अभिनन्दन और साहित्यिक चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कारोबारी मोहम्मद जाडवेट मुख्य अतिथि थे, जबकि चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती सम्माननीय अतिथि थे। वक्ताओं ने द्वीपसमूह में जापानी शासन काल पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर यूपीएसई की सिविल सेवा परीक्षा में सफल ज़ोहरा बानू को सम्मानित किया गया और पत्रकार राजेन्द्र पाल शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक अंडमान में जापान सैन्य राज का विमोचन किया गया।

<><><><><><><>

इग्नू की ओर से जुलाई सत्र से शुरू हो रही ओपन और दूरस्थ लर्निंग कार्यक्रम में प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए ऑनलाइन मोड पर आवेदन मांगे गए हैं। विभिन्न विषयों में पी जी, यू जी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के लिए उम्मीदवार तीस जून तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के वी आई पी रोड स्थित क्षेत्रीय केन्द्र के अलावा द्वीपसमूह के विभिन्न कॉलजों और स्कूलों में स्थित अध्ययन केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में भारी वर्षा हो रही है। अकेले पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सौ अड़तालीस दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव के कारण तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा हो सकती है। पच्चीस मई तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के एकाध भागों में भारी वर्षा होगी। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों से सत्ताईस मई या अगली सूचना तक समुद्र में न जाने को कहा गया है। द्वीपों के अन्य भागों में भी वर्षा हुई। लांग आइलैंड में अट्ठारह दशमलव चार, हटबे में सोलह दशमलव छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तेरह दशमलव चार, ननकौड़ी और निकोबार में ग्यारह मिलीमीटर और मायाबंदर में सात मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>